# निजी बस ऑपरेटर हड़ताल पर उतरे, बसों के पहिये थमने से यात्री परेशान

## जैसलमेर व जयपुर में हुये हादसों के बाद परिवहन विभाग की कार्यवाही से निजी बस मालिकों में हड़कंप

**जोधपुर, (कासं)।** जैसलमेर व जयपुर में हुये हादसों के बाद परिवहन विभाग की लगातार कार्यवाही से निजी बस मालिकों में हड़कंप मच हुआ है, जिसके कारण बस मोटर आपरेटर्स ने अब राज्य की भजनलाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जयपुर को छोड़कर पूरे राजस्थान में स्लीपर बसों की हड़ताल शुक्रवार से शुरू हो गई है। स्लीपर बसों का चक्काजाम हो गया है। जोधपुर सहित अन्य जिलों में स्लीपर बसें खड़ी हो गई है। ट्रेवल्स एजेंसियों ने बसों की ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी है। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबी दूरी पर जाने वाले यात्रियों को अब ट्रेन के माध्यम से दूसरे शहरों में जाना पड़ रहा है।

■ **ट्रेवल्स एजेंसियों ने बंद की ऑनलाइन बुकिंग, लंबी दूरी पर जाने वाले यात्रियों को अब ट्रेन के माध्यम से दूसरे शहरों में जाना पड़ रहा है, जोधपुर में हड़ताल का मिला-जुला असर नजर आया**

राजस्थान बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने दो नवंबर से पूर्णत: चक्काजाम की चेतावनी भी दी है। एसोसिएशन ने कहा कि दो दिन स्लीपर बस बंद होने के बाद सरकार का रुख देखा जाएगा। सकारात्मक रुख नहीं होने पर दो नवंबर से पूरे प्रदेश में प्राइवेट बसें सड़कों से हट जाएगी। इसमें ग्रामीण सेवा में शामिल बसें, स्कूल बसें, स्टेट कैरिज, उप नगरीय बसें और लोक परिवहन बसें शामिल होंगी। ऑल इंडिया टूरिस्ट बस ऑनर एसोसिएशन ने 31 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया था। एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र परिहार ने बुधवार को मुख्यमंत्री को एक लेटर भेजा था। एसोसिएशन ने हड़ताल का कारण बताते हुए कहा कि परिवहन विभाग द्वारा 29 अक्टूबर को जारी किए गए एक आदेश के चलते यह फैसला लिया है। प्रदेशभर में चल रही निजी बसों पर चैकिंग के नाम पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है और लगातार बसों को सीज किया जा रहा है।

एसोसिएशन का कहना है कि उन्होंने पहले भी सरकार से आग्रह किया था कि यदि नियमों का पालन नहीं हो रहा है, तो बस ऑपरेटरों को आवश्यक सुधार करने के लिए कुछ समय दिया जाए। साथ ही, जो नियम निजी बसों पर लगाए जा रहे हैं, वे सरकारी बसों पर भी लागू होने चाहिए और उन पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन विभाग एकतरफा कार्रवाई कर रहा है, जो कि उचित नहीं है।

बस मोटर आपरेटरों ने कहा कि जैसलमेर हाईवे पर अग्निकांड के बाद तेजी से निजी बसों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। माना की बॉडी मेकिंग में हम गलत भी होंगे तो उसके लिए परिवहन विभाग की ओर से प्रत्येक बस को चैक कर तीन महीने का समय दिया जाए। ताकी बस में उस कमी को सुधारा जा सके।

जोधपुर में हड़ताल का मिला-जुला असर नजर आया। एक तरफ ट्रैवल एसोसिएशन ने कहा कि यहां पर बसें नहीं चलाई जा रही है। दूसरी तरफ जोधपुर से जैसलमेर रूट पर जाने वाली स्लीपर बसें चलती हुई नजर आई। जोधपुर में बॉम्बे मोटर चौराहे के पास बाड़े से बसें चलती हुई नजर आईं। बस ऑपरेटर का कहना है कि ऑल इंडिया बस एसोसिएशन की ओर से हड़ताल का ऐलान किया गया है। वह भी हड़ताल के समर्थन में हैं। यहां पर चल रही बसों के संचालन को लेकर ऑपरेटर्स ने कहा कि इतनी सवारियां नहीं हैं। ऐसे में हड़ताल जैसे ही हालात हैं। यहां मौके पर कई स्लीपर बसें भी चलती हुई नजर आईं। इसमें सवारियों को बिठाया जा रहा था।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी को आजीवन कारावास



पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को विशेष पॉक्सो कोर्ट में पेश किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** विशेष पॉक्सो कोर्ट ना केवल एक बड़ा, बल्कि सिर्फ साढ़े पांच महीने के ट्रायल के बाद ही फैसला देते हुए साढ़े पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर ने जिले के एक थाना इलाके में एक साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में रवि कुमार उर्फ कालिया पुत्र कैलाशचंद्र यादव को

■ **आरोपी को 50 हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया**

आजीवन कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने आदेश दिया कि यदि आरोपी अर्थदंड का भुगतान नहीं करता है, तो उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जानकारी के अनुसार एक मई 2025 को पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 30 अप्रेल 2025 की शाम रवि कुमार उर्फ कालिया उनके घर आया और उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। वहां उसने गंभीर प्रकृति का लैंगिक अपराध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 17 मई को ही न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया। यह मामला केस ऑफिसर स्कीम में भी शामिल किया गया था। राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने पैरवी की। न्यायालय में 18 गवाहों के बयान करवाए और 41 दस्तावेज प्रस्तुत किए। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपी द्वारा किया गया अपराध न केवल अबोध बालिका के सम्मान और जीवन के विरुद्ध है, बल्कि सामाजिक और नैतिक व्यवस्था पर भी प्रहार करता है।

न्यायाधीश इसरार खोखर ने अपने निर्णय में कहा है कि आरोपी रवि कुमार की ओर से एक अबोध बालिका के साथ किया गया अपराध न केवल गंभीर प्रकृति का है, बल्कि समाज के नैतिक वातावरण को भी दूषित करता है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ भुगतनी होंगी। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि चूंकि घटना के समय पीड़िता की आयु 18 वर्ष से कम थी, इसलिए राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत पीड़िता को पुनर्वास एवं क्षतिपूर्ति स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनूं को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय ने इस मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए मात्र 6 माह में निस्तारण किया।

# डकैती की योजना बनाते पांच आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद



मथुरा गेट थाना पुलिस ने लूट करने वाली गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया।

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर की मथुरा गेट थाना पुलिस ने लूट करने वाली गैंग के 5 सदस्यों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। आरोपी लूट करने से पहले व्यापारी के यहां काम करने वाले लोगों से व्यापारी के बारे में जानकारी जुटाते थे। साथ ही आरोपी जनाना अस्पताल स्थित वाहन स्टैंड पर भी काम करते थे। एक या दो दिन में आरोपी एक ज्वैलर को भी लूटने वाले थे।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि 1 अक्टूबर को जवाहर नगर में एक व्यापारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की थी। बदमाशों ने व्यापारी का पीछा करके व्यापारी को लूटने की कोशिश की और व्यापारी पर फायरिंग भी की, हालांकि व्यापारी के गोली नहीं लगी। घटना के बाद से ही आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जो व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर घर आते हैं, उन्हें बदमाश अपना निशाना बनाते हैं। ऐसे बदमाशों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया। लोहागढ़ स्टेडियम के पास से पुलिस ने डैकेती की योजना बनाते 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम जगत सिंह निवासी गिरसे थाना डीग सदर, हरेंद्र निवासी पेंघोर थाना कुम्हेर जिला डीग, प्रशांत निवासी गिरसे थाना डीग सदर, नितिन निवासी नेवाडा थाना हलैना, रोहित निवासी आनंद नगर थाना कोतवाली हैं। आरोपियों के कब्जे से 2 देसी कट्टे, 3 जिंदा कारतूस, 1 खाली कारतूस और 2 बाइक बरामद की गई हैं। एक अक्टूबर के बाद आरोपी 4 लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। जिसमें 1 भरतपुर और 3 कुम्हेर में वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी 1 या 2 दिन बाद एक ज्वैलर को भी अपना निशाना बनाने वाले थे। जहां से आरोपियों ने अवैध हथियार लिए हैं उनकी पहचान कर ली गई है। लूटा हुआ माल बरामद किया जा रहा है। आरोपी वारदात अंजाम देने से पहले रूट को अच्छे से खंगालते हैं, जिससे वह सीसीटीवी कैमरों में न आ सके।

■ **आरोपी जनाना अस्पताल स्थित वाहन स्टैंड पर भी काम करते थे**

# रूलानिया हत्याकांड के मुख्य आरोपियों की परेड निकली



कुचामन पुलिस ने चारों मुख्य आरोपियों की थाने से न्यायालय तक परेड निकाली।

**डीडवाना, (निसं)।** कुचामन सिटी के बहुचर्चित व्यापारी रमेश रूलानिया हत्याकांड मामले में शुक्रवार को एक बार फिर कुचामन पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए चारों मुख्य आरोपियों की थाने से न्यायालय तक परेड (जुलूस) निकाली। यह वही कदम था जिसका संकेत जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने कुछ दिन पहले कुचामन थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया था। एसपी ऋचा तोमर ने तब स्पष्ट कहा था कि अपराधियों की परेड शहर में निकाली जाएगी ताकि समाज को संदेश मिले कि अपराध करने वालों का अंजाम क्या होता है। आज पुलिस ने वह वादा पूरा करते हुए न केवल अपनी सख्ती दिखाई बल्कि अपराधियों और उनके समर्थकों के लिए एक कड़ा संदेश भी दे दिया।

जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी गणपत गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर, महेश गुर्जर और जुबेर अहमद को शुक्रवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश कामाक्षी मीणा की अदालत में पेश किया गया। इससे पहले थानाधिकारी सतपाल सिहाग के नेतृत्व में पुलिस ने चारों आरोपियों को सख्त सुरक्षा के बीच कुचामन थाने से न्यायालय तक पैदल परेड करवाते हुए ले जाया गया। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते वक्त चारों आरोपी लंगड़ाते हुए चलते नजर आए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे जमा हो गए। परेड के दौरान कुचामन पुलिस जिंदाबाद के नारे भी लगे और जनता ने पुलिस के इस एक्शन की सराहना की। इससे पहले कुचामन पुलिस ने फिरौती प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की शहर में परेड निकाली थी। फिर रमेश रूलानिया हत्याकांड में गिरफ्तार सात सह आरोपियों की परेड भी करवाई गई थी। अब मुख्य चार आरोपियों की परेड निकालकर पुलिस ने न केवल अपनी वचनबद्धता निभाई है बल्कि जनता की उस मांग को भी पूरा किया है जिसमें लोग इस केस में अपराधियों की सरेआम परेड निकलवाना चाहते थे। परेड के बाद चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में परबतसर जेल भेजने के आदेश दिए।

# पूर्व उप पंजीयक को कारण बताओ नोटिस

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** जिला कलेक्टर कानाराम ने शुक्रवार को उप पंजीयक कार्यालय, सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण, कार्यालय परिसर में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने, रंग रोगन करवाने के निर्देश उप पंजीयक अधिकारी मदनलाल मीना को दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्ट्री संबंधी सभी प्रकरणों को ई-पंजीयक पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किया जाए, ताकि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने तत्कालीन कलेक्टर द्वारा 13 फरवरी को किए गए उप पंजीयक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की झूठी पालना रिपोर्ट भेजे जाने पर तत्कालीन उप पंजीयक नीरू सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा गिरदावर अर्चना गुप्ता को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सभी दस्तावेजों का मौके पर निरीक्षण करने के निर्देश भी प्रदान किए। साथ ही, 1 जनवरी, से 30 अक्टूबर की अवधि में जिन पटवार मंडलों में सर्वाधिक रजिस्ट्री हुई है, उन शीर्ष 10 पटवार मंडलों की सूची भिजवाने के निर्देश दिए।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 18537597 दिनांक :- 29/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या:- जोन प्रोजेक्ट (दक्षिण)/11/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE :- JOD2526A0171, UBN No. :- JOD2526WSOB00365**

राज.संवाद/सी/25/12938 अधिशाषी अभियंता (प्रोजेक्ट)

**हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक / 2025-26/सीबीएस / दिनांक- 29.10.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2025-26**

हनुमानगढ केन्द्रीय सहकारी बैंक क्षेत्रांतर्गत 232 ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं 51 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में Request for Proposal (RFP) for supply, installation, commissioning and maintenance of Micro ATMs for PACS and DUSS of Hanumangarh Kendriya Sahakari Bank Ltd., के कार्य के लिये ई प्रोक्योमेन्ट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित विवरण व शर्त वेबसाईट: www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर एवं कार्यालय समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर देखे जा सकते हे।

NIB CODE:- HKB2526A0001
UBN No :- HKB2526GLRC00001

- प्रबन्ध निदेशक

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नोखा**

क्रमाक-2186-93 दिनांक-21.10.2025

**Notice Inviting Bid-08/2025-26**

Bids for Immediate Restoration Work on Various Roads of PWD District Sub Dn Nokha-I/II and Construction of Road are invited from interested bidders upto 24.10.2025 (09.30 AM) to 03.11.2025 (06.00 PM) other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 362.61 Lakh.

**NIB CODE NO-PWD2526A3979, UBN - PWD2526WSOB15338, PWD2526WSOB15339, PWD2526WSOB15340, PWD2526WSOB15341**

DIPR/C/15974/2025 Executive Engineer PWD Dn. Nokha

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PWD DIVISION SALUMBER**

File No. TS/NIT/D-2046-53 Date: 17.10.2025

**Notice Inviting Bid No. 27/2025-2026**

Bids for various Damaged Roads /CD Works during Heavy Rainfall (2025-26) (Parmanent Restoration work) are invited form interested bidders upto time 9.30 date 03.11.2025 to time 18.00 date 24.11.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website.
The appromimate valus of the provurement is Rs. 138.15 Lacs.
NIB- PWD2526A3987, UBN- PWD2526WSOB15380

(M.L. Meghwal)
Executive Engineer
PWD Dn Salumber
Mobile No. 94147-58408

DIPR/C/15838/2025


# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से 9.65 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां विदेश में नौकरी का झांसा देकर युवक से लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक को फर्जी वीजा और टिकट देकर दिल्ली एयरपोर्ट तक पर भेज दिया। इसके बाद खुद पैसे लेकर फरार हो गया।

मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पंजाब निवासी पीड़ित सुखदेव सिंह (30) ने बताया कि सोशल मीडिया पर स्वास्तिक इमिग्रेशन का विज्ञापन देख कॉल किया था। हनुमानगढ़ के संगरिया निवासी आरोपी प्रीतम सिंह उर्फ अमरप्रीत सिंह ने झांसा देकर 9.65 लाख रुपए ठग लिए। पीडित सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रीतम सिंह ने उसे श्रीगंगानगर स्थित गांधी पार्क के पास अपने ऑफिस बुलाया। आरोपी ने यहां जॉर्जिया, साइप्रस, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, आयरलैंड और न्यूजीलैंड में वर्क परमिट पर भेजने का लालच दिया। सुखदेव सिंह ने जब आरोपी से कहा कि उसके पास पैसे कम है तो आरोपी ने सुखदेव सिंह से कहा- पैसे की चिंता मत करो, मैं पहले सिर्फ वीजा टिकट का खर्चा लूंगा। इसके बाद विश्वास में आकर सुखदेव ने स्वास्तिक इमिग्रेशन के बैंक अकाउंट में 4 लाख 65 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। फरवरी 2025 में आरोपी ने युवक को फिर ऑफिस बुलाया और फर्जी वीजा-टिकट दिखाकर 5 लाख रुपए कैश ले लिए।

# पिकअप पलटी, 16 मजदूर घायल

**खाजूवाला, (निसं)।** खाजूवाला-दंतौर रोड पर चक 18 केजेडी फांटा के पास गुरुवार को मजदूरों से भरी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। ओवर स्पीड होने पर पिकअप गाड़ी पलटने से 16 मजदूर गंभीर रूप से घायल घायल हो गए, जिन्हें ज्यादा चोटें होने पर पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रेफर किया गया। इसके अलावा आधा दर्जन मजदूरों के चोटें आने पर खाजूवाला उप जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज करवाया। सूचना मिलने के बाद खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उप जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया, लेकिन 10 लोगों को गंभीर चोटें होने पर खाजूवाला से बीकानेर रेफर कर दिया।

खाजूवाला थाना के हेड कांस्टेबल सुरेश गिला ने बताया कि पिकअप में लगभग 25 मजदूर सवार थे जो खाजूवाला से ग्वार की फसल काटने के लिए सियासर चौगान गांव की तरफ जा रहे थे। तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने से पिकअप गाड़ी अचानक सड़क किनारे पलट गई। इससे पिकअप गाड़ी में सवार पुरुष और महिला को मजदूर चोटें लगने से घायल हो गए, जिनका खाजूवाला व बीकानेर हॉस्पिटल में उपचार जारी है। एसएचओ सुरेंद्र कुमार प्रजापत ने बताया कि पिकअप गाड़ी को सीज कर पुलिस थाना परिसर में खड़ा करवाकर चोटिल लोगों का इलाज करवाया है। इस संबंध में किसी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। हादसे में पंजाब कौर, लखविंद्र सिंह, रोशनी देवी, राजूराम, शंकरलाल, बिरमा देवी, मक्खन सिंह, सुनीता, निवासी जीत सिंह व राकेश कुमार को गंभीर हालत में खाजूवाला उप जिला अस्पताल से पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रेफर किया गया है।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 18562709 दिनांक :- 30/10/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन उत्तर-एबी/12/25-26 एवं 13/25-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE :- JOD2526A0173 To JOD2526A0174**
**Tender ID/UBN No. :- JOD2526WSOB00367 To 374**

राज.संवाद/सी/25/12983 अधिशाषी अभियंता (उत्तर-एबी, सी)


# शराब सेल्समैन पर हमला, आदतन अपराधी खुसीराम फौजी सहित चार गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** बांदर सिंदरी थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने आंतक का पर्याय बन चुके हार्डकोर अपराधी खुशीराम फौजी व नरेना पुलिस थाने के हिस्ट्रीशिटर सहित चार बदमाशों को दो स्कार्पियो के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस को देखकर लूट, मारपीट, हत्या के प्रयास सहित नौ आपराधिक मुकदमों में वांछित खुसीराम जाट ने भागने के लिये दूसरी मंजिल से छलांग लगा ली, किंतु इसके मंसूबे सफल नहीं हो सके। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों में गांव खंडाच बांदरसिंदरी किशनगढ़ निवासी खुसीराम जाट उर्फ फौजी (25) पुत्र रघुनाथ, गांव हिरनोदा फुलेरा जयपुर निवासी कमलेश जाखड़ (24) पुत्र भोलाराम जाट, नरेना थाने का हिस्ट्रीशिटर गांव सीतारामपुरा नरेना जयपुर निवासी बंशीलाल गुर्जर (29) पुत्र गोपाल व गांव मरवा नरेना जयपुर निवासी तेजपाल गुर्जर (24) पुत्र भंवरलाल शामिल है।



बांदर सिंदरी थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार गत 13 अगस्त को जेल से रिहा होते ही शातिर बदमाश खुसीराम अपने साथियों के साथ रात्रि को खंडाच गांव स्थित शराब ठेके पर पहुंच गया। छत पर सो रहे सेल्समैन भोलूराम गुर्जर ने शराब देने से इंकार कर दिया, इस पर बदमाशों ने छत पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जान बचाकर घर भागे सेल्समैन का पीछा कर घर घुसकर हमला कर दिया और जमकर तोड़फोड़ कर बोलेरो गाड़ी को चकनाचूर कर दिया।

वारदात के बाद सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस)अजेय सिंह राठौड़ के सुपरवीजन में बांदरसिंदरी थाना प्रभारी दयाराम चौधरी के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन कर फरारी काट रहे खुशीराम को गिरफ्तार करने के लिये जिम्मेदारी सौंपी गई। संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, किंतु लड़की का भेष धारण करने के साथ स्कार्पियों के नियमित रूप से नंबर बदलने से फौजी पकड़ में नहीं आ सका। एक दिन पहले नसीराबाद सदर थाना इंचार्ज अशोक विसू के जरिये बांदरसिंदरी थाना पुलिस को इत्तला मिली कि हार्डकोर्ड अपराधी खुसीराम जयपुर स्थित उदयग्रीन रिसोर्ट में ठहरा हुआ है। थाना इंचार्ज दयाराम चौधरी की अगुवाई में टीम ने इत्तला मिलते ही तत्काल रिसोर्ट में छापामार कर लड़की का भेष (सलवार-सूट) में नजर आये दूसरी मंजिल छलांग लगाकर दोनों पैर तुड़वा बैठे खुसीराम के अलावा उपरोक्त बदमाशों को हिरासत में ले लिया। सेना में नौकरी कर चुके खुसीराम ने गुनाह की दुनिया को अलविदा कहते हुए कहा कि अब भविष्य में कोई अपराध नहीं करूंगा।

■ **खुसीराम लड़की के भेष में उदयग्रीन रिसोर्ट जयपुर में फरारी काट रहा था**

# फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**नारायणपुर, ( निसं )।** कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नारायणपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि वांछित अपराधी और स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा लगातार अलग-अलग संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट के मामले में फरार आरोपी अपने गांव के आसपास देखा गया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर सतवीर (40) पुत्र रूडसिंह राजपूत निवासी बैसलाना थाना सरुण्ड को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध लूट से संबंधित प्रकरण में न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी था, जिसके चलते वह लंबे समय से फरार चल रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**RAJASTHAN STATE TEXT BOOK BOARD**
2-2A, Jhalana Dungri, Jaipur, Phone : 0141-2700540, 2711237, 2703657 Fax: 0141-2710362

No. : F-7/Production/RSTB/25-26/7360 Date : 30.10.2025

**Notice Inviting Bid**

E-Bids are invited for supply of printing paper/cover paper having following details :

| S. No. | Bid No. | Items | Specifications | Bid Value (in Crore) | Last date/ time of submission | UBN |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 358 | Printing Paper | 80 GSM Maplitho Paper made from virgin pulp | 156.00 | 13.11.2025 (6:00 PM) | TBB2526GLOB 00023 |
| 2 | 359 | Cover Paper | 220 GSM India Art Card Cover Paper, made from virgin pulp | 17.00 | 13.11.2025 (6:00 PM) | TBB2526GLOB 00065 |

Details of the bids may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in

Raj.Samwad/C/25/12989 Secretary

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम), कॉरपोरेट पहचान संख्या : CINU40109RJ2000SGC016483
पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हॉउस, 342003-जोधपुर, कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (बी. सं.),बीकानेर, 66 KV GSS के पास, सागर रोड़, सांगलपुरा बीकानेर
zcebzbikaner@yahoo.com www.energy.rajasthan.gov.in

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

सहायक अभियंता बज्जू के अधीन 33/11 सब-स्टेशन गाडियाला से 12.5 किलोमीटर सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण, नव प्रस्तावित जीएसएस गोविन्दसर के तहत 6.5 किलोमीटर 11 केवी इंटरकनेक्शन लाइन का निर्माण, एसटीपी के तहत नगरासर में 3.15 एमवीए 33/11 केवी सब-स्टेशन के निर्माण हेतु जोधपुर डिस्कॉम, बीकानेर सर्कल के अधीन श्रम दर के आधार पर (2025)" बीकानेर (जिला वृत्त) के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**TN-BZ-23/2025-26 (UBN No JVV2526WSOB00643)**

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती हैं। निविदा कर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाइन **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्यन्न कर ले।

भविष्य में इन् निविदाओं से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढ़ने की जानकारी आदि केवल वेबसाइट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

राज.संवाद/सी/25/12951 संभागीय मुख्य अभियंता जोधपुर डिस्कॉम (बी- सं.) बीकानेर

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045